# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024



10 ज्ञानदीप स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का किया गया आयोजन





11 सम्मान की राशि से शिक्षिका दीप्ति ने बच्चों के लिए खरीदा कंप्यूटर






# बांध से छोड़ा गया पानी खेतों तक पहुंचा, खेती-किसानी में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के वृहद सिकासार बांध से रबी फसल लगाने नहर में छोड़े गए पानी अब खेतों तक पहुंच गए हैं। रबी फसल लगाने खेतों में पानी आने से किसान उत्साहित हैं। सीकसार बांध से छोड़े गए पानी कुकदा पिक वियर नहर परियोजना से होते नाली से सीधे खेतों की सिंचाई हो रही हैं। किसान खेतों की सिंचाई होने पर रबी फसल की तैयारी शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा भी किसान निजी सिंचाई सुविधा से रबी सीजन में धान की फसल लगा रहे हैं। किसान रबी फसल लगाने एक बार फिर खेती किसानी के काम में लग गए हैं। किसान ट्रेक्टर से खेतों में जुताई करते हुए दिख रहे हैं। वृहत योजना अंतर्गत सिकासार जलाशय पैरी दांयी मुख्य नहर तथा जोगीडीपा माइनर, खड़मा जलाशय, आमानाला, कोटरीनाला, तौरेंगा, बोरिद, गुण्डरदेही, गनियारी जलाशय आदि से छुरा क्षेत्र के पाण्डुका, रजनकट्टा, सरकड़ा, कुकदा, पोड़, कुटेना, खडमा, अमेठी, परसदाखुर्द, वहीं फिंगेश्वर क्षेत्र के खट्टी, आसरा, अतरमरा, कुम्हरमरा, मोहतरा, मुरमुरा, फुलसर, तर्रा, सुरसाबांधा, कसेरूडिह, ध्रुरसा, जमाही, छुईया, चरौदा, फिंगेश्वर, परसदाकला, बेलर, बोड़की, फुलझर, पतोरी, घोघरा, जोगीडीपा, सड़कड़ा, गनियारी, गुण्डरदेही, सांकरा, गाड़ाघाट, रेवली, परतेवा, श्यामनगर, घुमा, लफंदी, बेलटुकरी, किरवई सहित अन्य गांव में सिंचाई हो रही है।

## रेवली, परतेवा, श्यामनगर, घुमा, लफंदी, बेलटुकरी, किरवई सहित अन्य गांव में हो रही सिंचाई

### 75 सौ एकड़ में हो रही सिंचाई

पांच साल बाद राजिम विधायक रोहित साहू एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के विधायक जनक ध्रुव के प्रयास से किसानों को रबी फसल लगाने सीकासर बांध के अलावा अन्य जलस्रोत से पानी खेतों में पानी देने कार्ययोजना प्रतावित हुए हैं। छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर विधायक रोहित साहू ने राजिम फिंगेश्वर कोपरा पाण्डुका क्षेत्र के लगभग 45 गांवों में रबी फसल के लिए पानी देने सिकासार बांध से सिंचाई करने कुकदा पिक वियर में बटन दबाकर गेट खोलकर पानी छोड़े है। 45 गांव के लगभग 7500 एकड़ में सिंचाई हो रही हैं। अनुमानित 30 हजार से ज्यादा किसान अपने खेतों में रबी सीजन में धान की खेती करेंगे।





### हजारों किसानों को मिलेगा फायदा

गरियाबंद जिले के किसान नहर में पानी छोड़ने से काफी उत्साहित हैं। किसानों की रबी फसल सिंचाई के लिए पानी को लेकर बहुप्रतीक्षित मांग थी, बीते पांच सालों से किसान डैम से पानी की मांग करते आ रहे थे, जिसे जिले के कलेक्टर, जल संसाधन विभाग के अधिकारी और राजिम और बिंद्रानवागढ़ विधायक ने जल उपयोगिता समिति की बैठक कर महत्वपूर्ण निर्णय लिया, और किसानों को रबी फसल के लिए पानी देने का फैसला लिया। प्रशासन और विधायक के इस फैसले से हजारों किसानों को इसका सीधा फायदा मिलेगा, क्षेत्र में किसानों के 9000 एकड़ खेत रबी फसल में सिंचित होंगे, इनमे 7000 एकड़ खेत कुकदा डैम और 2000 एकड़ कृषि भूमि अन्य छोटे जलाशय से सिंचित होंगे।

## खबर संक्षेप

### प्रवीण साहू चेयरमेन नियुक्त

**नवापारा-राजिम।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार लोक सभा चुनाव में सुचारू संचालन के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में चुनाव वार रूम का गठन किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू को चेयरमेन नियुक्त किया गया। श्री साहू ने अपने इस नियुक्ति पर सचिन पायलट महासचिव एवं प्रभारी छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी, शशिकांत सेंथिल चेयर मेन राष्ट्रीय वार रूम, दीपक बैज अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़, भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री ,चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष विधानसभा ,धनेंद्र साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है। प्रवीण साहू के चेयरमेन बनाए जाने पर बधाई देने वालो में चंद्रहास साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, डामन साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, श्रवण चंद्राकर पूर्व सदस्य कृषक कल्याण बोर्ड, राजू शर्मा महामंत्री किसान कांग्रेस, दानी साहू, गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण, शशि प्रकाश साहू ,अरुणा शुक्ला ,भूपेद्र साहू ,भागवत साहू ,हौसलाल साहू, फुलेश्वर ध्रुव, ज्ञानचंद यादव, चेतन यादव शामिल है।



### परीक्षा पे चर्चा आज

**राजिम।** आज 29 जनवरी सुबह 11 बजे पीएम नरेंद्र मोदी परीक्षा पर चर्चा करेंगे। यह जानकारी देते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसातरा के संस्था प्रमुख रामनारायण मिश्रा ने बताया कि मोदी जी विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा पालको से सीधा संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम का प्रसारण टीवी के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियो के मन में परीक्षा के तनाव को कम करने का है।

### घर से चावल की चोरी करने वाला गिरफ्तार

**महासमुंद।** चावल चोरी करने के मामले में पिथौरा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी दीनानाथ पटेल पिता स्व सत्यानंद (62 साल) ग्राम गड़बेड़ा ने पुलिस को बताया कि उसके घर में रखे 30 किग्रा चावल कीमत 1500 रुपए को लेकर भाग रहे बबलू दास मानिकपुरी पिता मोतीदास को पकड़ा, जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 से अपराध दर्ज कार्रवाई किया है।

### हरनादादर में युवक से मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा अंतर्गत हरनादादर में अज्ञात कारण से युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थी राकेश रात्रे पिता उभेलाल रात्रे (22 साल) हरनादादर ने पुलिस को बताया कि उसके साथ गांव के गौठान मड़ई मेला स्थल में कृष्णा बघेल, शेरा देशकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं हाथ में पहने कड़े से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई है। पुलिस ने मामले मे कार्रवाई करते हुए आरोपियों पर धारा 294, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### बसना पुलिस ने दो लोगों से शराब जब्त किया

**महासमुंद।** अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के प्रयास के चलते बसना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जगतराम बारिक पिता होरी बारिक (46) ग्राम खुसरूपाली को घर के सामने से अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखे 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया है एवं राजा दलई पिता रंजन दलई 24 साल निवासी वार्ड नं. 15 बसना से उसके पान के ठेले में रखे 2000 एमएल महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपी पर 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## निरीक्षण : प्रिंसिपल सहित पुरुष और महिला अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस

# कलेक्टर ने विद्यालय और छात्रावास के औचक निरीक्षण में अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/छुरा

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने रविवार को छुरा के एकलव्य आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आवासीय विद्यालय में पहुंचकर बच्चों के रहने और पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों से पढ़ाई एवं रहने खाने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान आवासीय स्कूल के सभी कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौजूद स्टाफ से बच्चों की उपस्थिति, स्टाफ उपस्थिति पंजी, स्टॉक पंजी आदि की जानकारी ली। साथ ही फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायो लैब में जाकर प्रैक्टिकल के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके अलावा छात्रावास में राशन सामग्रियों के रखने के लिए बनाए गए स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बच्चों के रहने के कक्ष में भी जाकर साफ सफाई व्यवस्था, चादर, गद्दा, बेड, पंखे, लाइट, फिल्टर वाटर सिस्टम आदि का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई नहीं पाए जाने, कचरा इधर-उधर बिखरे रहने एवं फिल्टर नल खराब रहने, स्टॉक पंजी संधारित नहीं होने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताई। साथ ही स्टोर रूम में खाद्यान्न सामग्रियों के उचित रखरखाव नहीं होने और सामान व्यवस्थित नहीं पाए जाने पर अधीक्षक पर कड़ी नाराजगी जताई। इस मौके पर आवासीय विद्यालय के प्रिंसिपल भी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए।



### जरूरी व्यवस्था आदि के बारे में बच्चों से पूछा

कलेक्टर अग्रवाल ने कोसमबुड़ा आवासीय विद्यालय निरीक्षण के दौरान कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं के स्कूली बच्चों के चल रहे प्री बोर्ड परीक्षा का भी अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से हॉस्टल में मिलने वाले खाने-पीने के मेनू और पढ़ाई के लिए जरूरी व्यवस्था आदि के बारे में बच्चों से पूछा। साथ ही सुबह दोपहर और शाम के खाने और नाश्ते आदि के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्रावास के विभिन्न कमरों में जाकर कक्षा छठवीं, सातवीं एवं 11वीं के बच्चों से जरूरी व्यवस्थाओं के बारे में भी पूछा। साथ ही बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।



कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रिंसिपल के गायब रहने और आवासीय विद्यालय में भारी अव्यवस्था पाए जाने एवं स्टॉक पंजी के रख रखाव नहीं पाए जाने पर प्रिंसिपल और अधीक्षक को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्राओं के हॉस्टल में भी जाकर स्टोर रूम का अवलोकन कर जरूरी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर महिला अधीक्षक

### अव्यवस्थाओं पर सुधार लाएं

किसी कर्मचारी को बिना लिखित प्रभार दिए अनुपस्थित पाई गई। कलेक्टर ने इस लापरवाही पर महिला अधीक्षक को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने बालक छात्रावास में बच्चों के रहने और पढ़ाई के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए छात्रावास के व्यवस्थाओं में जरूरी सुधार लाने के निर्देश मौके पर मौजूद स्टाफ को दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि छात्रावास के जरूरी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं लाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## कलेक्टर ने व्यवस्थाओं एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में पहुंचकर मरीजों के इलाज के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रसूति कक्ष, चिकित्सक कक्ष, जांच लैब, वेटिंग हॉल आदि का अवलोकन किया। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान मौके पर बीएमओ एवं बीपीएम अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी जताते हुए बीएमओ और बीपीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मौके पर मौजूद स्टाफ से प्रतिदिन की ओपीडी, आईपीडी, डिलीवरी केस सहित अस्पताल में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने चिकित्सक कक्ष पर निजी अस्पताल की प्रिसक्रिप्शन पर्ची और निजी दवाई दुकान की पर्ची दिखाई देने पर नाराजगी जताई। उन्होंने मरीजों को निशुल्क और सस्ते दवाइयों का लाभ देने के लिए जेनरिक दवाइयां ही लिखने के निर्देश डॉक्टरों को दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अस्पताल परिसर और वार्डों में साफ सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल आए मरीजों और उनके परिजनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही मरीजों को मिलने वाले खाने की सुविधा के बारे में भी पूछा। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा के चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे।

■ मौके पर बीएमओ और बीपीएम मिले अनुपस्थित

## कुर्मी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक साहू को किया आमंत्रित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छग प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला गरियाबंद एवं दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज सर्किल राजिम के पदाधिकारियो का एक प्रतिनिधि मंडल विधायक रोहित साहू से मिलकर बधाई देते हुए 19 फरवरी को ग्राम परतेवा में आयोजित क्षत्रपति शिवाजी महराज जयंती समारोह के लिए आमंत्रित किया। कुर्मी समाज के इस आमंत्रण को विधायक साहू ने सहर्ष स्वीकार करते हुए समारोह में शामिल होने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज राजिम सर्किल के अध्यक्ष जवाहर वर्मा, उपाध्यक्ष ओमकुमार वर्मा, सचिव कोमल वर्मा, भवन निर्माण समिति के सचिव गोपाल राम वर्मा, केंद्रीय कार्यकारी सदस्य माखन देशमुख, छग प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज जिला गरियाबंद के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा, शोभित वर्मा, हेमंत वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा मौजूद थे।

## दो कारसेवकों के परिजनों का हुआ सम्मान

**मैनपुर।** कार सेवा के कई किस्से इतिहास के पन्ने में समय के साथ दब गए,अब जब राम मंदिर अस्तित्व में आया तो एक एक किस्सा निकल कर सामने आ रहा है। गुमनाम किस्से में शामिल ऐसे ही दो कार सेवक गरियाबद जिले के देवभोग विकास खंड से भी है जिन्होंने ने 1992 में अपना योगदान दिया था। झाराबहाल निवासी धनुराम यादव 48 की उम्र में तो केंदूबन निवासी उजल राम यादव 45 के उम्र में 28 अगस्त 1992 को कार सेवा करने घर में बिना बताए निकल गए थे। 1980 से संघ परिवार से जुड़े संघीय तक जब कार सेवा की अपील हुई तो देवभोग से 6 लोग निकले थे, लेकिन रायपुर संघ कार्यालय पहुंचने के बाद आगे के लिए रास्ता पकड़ने वाले में इन दो सख्शियत का नाम शामिल है। इनमें से धनुराम वापस नहीं आए, पुत्र महेश यादव बताते है दो साल तक उनका इंतजार के बाद क्रिया–क्रम किया गया। केंदुबन के उजल राम लौट कर संघर्ष को कहानी परिजनों को सुनाया। लौटने के बाद वे लगातार अपने वार्ड से 5 बार के निर्विरोध पंच रहे। दो साल पहले इनकी मृत्यु हुई तो पत्नी सायबनी बाई को पंच बनाकर पंचायत सम्मान देता आ रहा है। इस दौरान गोहरापदर भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, सहकार भारती प्रकोष्ठ के पैक्स छत्तीसगढ़ प्रमुख अमर सिंह कुंजाम, झाखरपारा मंडल अध्यक्ष सीताराम यादव, महामंत्री तानसिंह मांझी, विनोद यादव के अलावा अभाविप नगर मंत्री क्षितिजनारायण तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेकानंद यादव, सहमंत्री भक्तचरन दौरा, लिकेश नागेश, अभिषेक यादव, तेजश बीसी, राजेश यादव, गिरीश मांझी दोनों कार सेवक के घर पहुंच परिवार को सम्मानित किया।



## साहू समाज के आदर्श विवाह में एक जोड़ा शादी के बंधन में बंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

कोपरा परिक्षेत्र के ग्रामीण साहू समाज देवरी के तत्वाधान में आदर्श विवाह का आयोजन किया गया। समाज के प्रांगण में ईश्वरी साहू ने मंत्र उच्चारण करते हुए वर एवं वधु के गले में माला पहनाया गया।

पूरे रीति रिवाजों से विवाह के बंधन में बांधा। जिसमें वर परमेश्वर साहू पिता स्वः किशन साहू, वधु नितिका साहू पिता अनिल साहू सभी लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। ग्रामीण साहू समाज देवरी के पदाधिकारीगण अध्यक्ष नंदकुमार साहू, उपाध्यक्ष कामता साहू, सचिव सुकदेव साहू, सहसचिव राजेश साहू, संरक्षक दुकालू साहू, ईश्वरी साहू, उमेंद साहू कोषाध्यक्ष श्यामलाल साहू एवं समाज के लोग बड़ी संख्या समाजिक बंधु मौजूद रहे।





## जिले के सभी मिडिल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में होंगे कार्यक्रम

# पीएम मोदी आज विद्यार्थियों से करेंगे परीक्षा पे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों, शिक्षकों और उनके अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने व विद्यार्थियों के तनाव दूर करने के लिए सीधा संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत मण्डपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली से 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसका लाईव प्रसारण दूरदर्शन, राष्ट्रीय चैनल, दूरदर्शन न्यूज़, दूरदर्शन भारत, यूट्यूब व माईजीओवी डॉट इन सहित अन्य माध्यम में उपलब्ध रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद ने बताया कि जिले के पांचों विकासखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में यह कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके अलावा सभी मीडिल एवं हाई सेकेण्डरी स्कूलों में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देवभोग, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा, शासकीय दलगंजन विद्यालय फिंगेश्वर, स्वामी अत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद एवं पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास भाठीगढ़-मैनपुर परीक्षा पे चर्चा का आयोजन कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, संकुल केन्द्र के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे विद्यालयों के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों, शिक्षकों, पालकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करना सुनिश्चित करें और प्रातः 10.30 बजे तक निर्धारित स्थल पर उपस्थित कराये। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा प्रेरणादायक उद्बोधन कराये साथ ही कार्यक्रम आयोजन स्थल पर सेल्फी पाइंट बनाये और अच्छे फोटोग्राफ्स माईजीओवी डॉट इन में अपलोड करें। जहां संचार, संसाधन की व्यवस्था न हो वहां रेडियो के माध्यम से परीक्षा पे चर्चा को सुनाने की व्यवस्था करें। यह कार्यक्रम जिले के सभी के मिडिल, हाई स्कूलों एवं अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।




### बलौदा एवं खल्लारी पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री के मामले में बलौदा और खल्लारी पुलिस ने कार्रवाई की है। बलौदा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे बरतराम सिदार पिता उद्धव सिदार (28) माधोपाली थाना सरायपाली को कटंगी नाला के पास ग्राम खोखेपुर के पास से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए के साथ पकड़ा एवं खल्लारी पुलिस ने आंवराडबरी के पंचायत के पास से गोविंद नेताम पिता स्व राजाराम (38) निवासी ग्राम आंवराडबरी को अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर दोनों आरोपी पर 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई की है।


पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छेराछेरा पर्व

**फिंगेश्वर।** विगत दिनों नगर सहित अंचल मे छेराछेरा पर्व को दान पर्व के रूप मे हर्शोउल्लास के साथ मनाया गया। साहित्यकार थानूराम निषाद ने छेरछेरा पर्व का महत्व बताया और कहा की छत्तीसगढ़ का लोक जीवन पर आधारित है यहां मनाएं जाने वाले सभी तीज त्यौहार के पीछे कोई न कोई धार्मिक मान्यता एवं किंवदंती छिपी हुई हैं हमारे यहां प्राचीन काल से ही दान का विशेष परंपरा रही है। छत्तीसगढ़ जो की मुख्यतः कृषि जीवन धारा के रूप में मुख्य फसल के रूप में धान को देखा जाता है। किसान धान की बोनी से लेकर कटाई और मिजाई के बाद अपने कोठी डोली में रखते हैं। इस दिन छोटे–छोटे बच्चों से लेकर बड़े वर्ग के पुरुष अपने गली मोहल्लो घरों में जाकर छेरछेरा दान मांगते हैं।

### अंचल में धूमधाम से मनाया छेरछेरा पर्व



**छुईहा बेलर।** ग्रामीण अंचल देवगांव, खूटेरी सहित सभी गांवों में गुरूवार को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक ने पौष पूर्णिमा दान का आदान प्रदान करने वाली त्यौहार छेरछेरा पुन्नी परम्परा को धूमधाम से मनाया गया। पर्व को लेकर ग्रामीण महिला-पुरूष व बचों में खास उत्साह देखने को मिला। विशेष कर इस दिन बच्चों की झुंड घर- घर जाकर छेरछेरा के रुप में धान मांगते रहें। कोई टोकरी तो कोई झोला पकड़े निकलें थे। पर्व में अमीरी गरीबी के भेदभाव से दूर एक - दूसरे के घर जाकर छेरछेरा मांगते हुए कहते हैं छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरहेरा। देवगांव में वर्तमान सरपंच ओमप्रकाश साहू उनकी पत्नी पुर्व सरपंच संगीता साहू ने भी परम्परा का निर्वहन करते बोरी पकड़ कर दान लेने पहूंचे। दिन भर छेरछेरा हो छेरछेरा, कोठी के धान ल हेर हेरा की आवाज गूंजती रही।

### शराब पिलाने की सुविधा, दो पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा थाना पुलिस ने शराब पीने की सुविधा दे रहे सहमत लाल पिता नोहर सिंह कमार (40) बोड़रा को उनके घर के पास से एवं कन्हैया यादव पिता श्यामलाल यादव (45) बोड़रा को भी घर के सामने से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### नशे की हालत में महिला ने किया जहर सेवन, मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम आमगांव में एक महिला ने नशे की हालत में जहर सेवन कर लिया। पुलिस ने बताया कि बुधयारिन बाई खड़िया पति स्व उदेराम (58) ने नशे की हालत में अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस घटना की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना अंतर्गत लालपुर में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। पहले पक्ष के प्रीतम यादव पिता गिरवर यादव (19) निवासी वार्ड नं 6 लालपुर ने बताया कि उसके साथ आरोपी देवकुमार ठाकुर पिता पूरन सिंह, वीरसिंग ठाकुर पिता कमल सिंग निवासी लालपुर ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के देवकुमार ठाकुर पिता पूरन सिंह ने प्रीतम यादव पिता गिरवर यादव, पंकज यादव पिता घासीराम एवं अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है कि आरोपियों ने उसके साथ हाथ मुक्के से मारपीट कर चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी।

## राष्ट्रीय पर्व : छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण व कविता की प्रस्तुति दी

# क्षेत्र में आन-बान और शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

26 जनवरी गणतंत्र दिवस 75 वीं वर्षगांठ पर गरिमामय माहौल में आन बान और शान से तिरंगा झंडा लहराया गया। इस पावन अवसर पर रसेला सहित क्षेत्र के ग्रामों में शासकीय व अर्द्ध शासकीय कार्यालयों में जगह-जगह ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर रसेला में सुबह 7: 55 बजकर मिनट में एक साथ सभी जगह अतिथियों के करकमलों द्वारा झंडा फहराया गया। तत्पश्चात सभी स्कूली बच्चों द्वारा गांव की गलियों में प्रभातफेरी निकाली गई। इसके बाद शासकीय प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला के प्रांगण में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम पटेल लोकराम यादव, अध्यक्षता सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, विशेष अतिथि के रूप में उप-सरपंच परमेश्वर यादव, विशिष्ट अतिथि शाला अध्यक्ष धनेश्वर दास थे। इस कार्यक्रम में शामिल प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाईस्कूल, हायर सेकंडरी, गुरु कृपा विद्या मंदिर के छात्र - छात्राओं ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र - छात्राओं ने देशभक्ति गीत भाषण कविता प्रस्तुत किया। इसके अलावा हास्य नाटक, कर्मा, पंथी आदि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें ग्रामवासी ने बढ चढकर भाग लिए। प्रत्येक प्रस्तुति पर दर्शकगणो ने तालियों के साथ उत्साह वर्धन किया। इस वृहद कार्यक्रम में विभिन्न शालाओं से रंग-बिरंगे परिधान पहनकर आए छात्र - छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।




### देश को भ्रष्टाचार व जमाखोरी से आजाद कराना है : लोकराम

लोकराम यादव ने कहा कि हमें भी महात्मा गांधी की तरह सत्य की राह पर तथा सुभाष चंद्र बोस व भगतसिंह, चन्द्रशेखर आजाद की तरह हमारे देश को भ्रष्टाचार, जमाखोरी से आजाद कराना है। ताकि हमारा देश स्वतंत्र हो सकें। अपने उद्बोधन में सरपंच ने कहा कि हमारे देश में इन दिनों ज्ञान विज्ञान, धर्म अध्यात्म शिक्षा स्वास्थ्य, आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति व विदेश नीति में काफी बदलाव भी देखने को मिलता है। इससे हमें राष्ट्रीय गौरव का बोध महसूस होता है व इसे संभालकर रखने की प्रेरणा भी हमें मिलतीं है। इसी कड़ी में उप-सरपंच संबोधित करते हुए कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं की ही देन है। हमारा देश आज एक नई छबि गढ़ रहा है। आज हम अपना 75 वीं गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इसी तरह ग्राम मुढीपानी, रूवाड, मेडकीडबरी, दादरगाव नया, कोडामाल, फूलबाहरा, पलेमा, कोठीगाव, पडरीपानी गोड, कनसिधी, हिराबतर, रक्सी, सेम्हरा, टेगनाबासा, रावनाभाटा, भरूवामुडा सहित क्षेत्र सभी ग्रामों में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।





### झरगांव में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झरगांव में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रामानुज नेताम ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ एवं गांव के हेमसिंह ध्रुव, सुंदर पोटा देवानंद, खिरलाल यादव, देवेंद्र सिंह, हाई स्कूल हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य, अभय कश्यप, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक पांडे, सकुंल समन्वयक टेकराम साहू, मदन लाल नेताम, हंसराज सर, पटेल मेम, साहू मेम साहू उपस्थित रहे।




### दुल्ला में जगह -जगह मना गणतंत्र दिवस

**रसेला।** दुल्ला में बड़े ही धूमधाम से 26 जनवरी पर्व मनाया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य प्यारे लाल धृतलहरे ने शहीद होमेश्वर ठाकुर के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर शहीद होमेश्वर ठाकुर को नमन किया। तत्पश्चात भारत माता और महात्मा गांधी के पुजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। सभी स्कूली बच्चों द्वारा गांव की गलियों में प्रभातफेरी निकाली गई और जगह जगह अतिथियों के हाथों झंडा उत्तोलन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, जनपद सदस्य दीपक चन्द्राकार, सरपंच यशवंत ठाकुर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों तथा ग्राम प्रमुख सहित शिक्षक चंदुराम बघेल एवं सभी स्कूल के शिक्षक शिक्षाकाएं उपस्थित रहे।

### बेलर में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**छुईहा बेलर।** बेलर में 75 वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मंगल अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत बेलर टायल साहू ने उपसरपंच, पंचगण, गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में ध्वजारोहण सलामी ली और जन गण मन अधिनायक राष्ट्रीय गीत गुनगुनाया। इस अवसर पर सरपंच टायल साहू, उपसरपंच धनेश्वरी साहू, पंच दूर्गा, विष्णु साहू, लुकेश्वरी, ओमप्रकाश, देवकुमार, कुमार, दुलारी, फुलेश,चरण, परमेश्वरी, धनेश्वर, पोखराज, गजेन्द्र, राजन ,पुष्पलता, रजनू,रवि साहू, नंदकुमार, हेम कुमार, प्रचार्य कमल पांडे, प्रधानपाठक तीरथ, नंदकुमार निषाद पंचगण गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### ज्ञानदीप स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



गणतंत्र दिवस के ज्ञानदीप शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रंगा रंग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के अतिथि पार्षद पद्मिनी सोनी, पार्षद ओमकुमारी-संजय साहू, पूर्व पार्षद भूपेंद्र सोनी, पार्षद रवि साहू ,खिलेश साहू, ओमप्रकाश शारडा थे। इस अवसर पर ज्ञान विकास शिक्षण समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी ने ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने गीत, कविता, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से देश के वीर जवानों एवं शहीदों को नमन किया। अतिथियों के द्वारा खेलकूद एवं पिछले वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। इसी कड़ी में प्रति वर्ष स्वर्गीय जगन्नाथ सारडा की स्मृति में दिए जाने वाले पदक को ओमप्रकाश सारडा के द्वारा कक्षा दसवीं के गौरव चक्रधारी एवं 12वीं के होरीलाल साहू को प्रथम आने पर सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन स्कूल के प्राचार्य रेखा तिवारी ने किया। मंच संचालन चेतन चौहान एवं नीलम साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील कंसारी, नरेश सोनकर, आकांक्षा निषाद, उषा देवांगन ,किरण यादव, लता साहू, ललिता साहू, नरेश सोनकर, रागनी, मीनू साहनी सहित छात्र संघ के अध्यक्ष हिमांशु साहू उपाध्यक्ष सृष्टि कौशल अनुशासन प्रभारी पूनम कहार सांस्कृतिक प्रभारी खुशी साहू सहित सभी छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

### 5 सौ रुपए में सिलेंडर कब देगी भाजपा चर्चा तक नहीं हो रही है : अमितेश शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



विद्या मंदिर सेंदर में शनिवार को टीना सेड़ का लोकार्पण, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, सरस्वती माता मुर्ति का अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि पुर्व मंत्री पुर्व राजिम विधायक अमितेश शुक्ला थे। शुक्ला ने अन्य अतिथियों के साथ कांग्रेस शासन अपने विधायक काल में टीना सेड स्वीकृत किए थे। उसी का लोकार्पण के लिए विद्या मंदिर समिति के विशेष आंमत्रण पर आये थे। शनिवार को विद्या मंदिर सेंदर द्वारा निर्मित भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, सरस्वती माता मुर्ति का लोकार्पण पर्दा हटा कर किया गया। सभा को सम्बोधित करते शुक्ला ने कहा मैं आपके परिवार का सदस्य था, हूं और रहूंगा। आप और हमारे बीच अटूट संबंध है। आगे भी मुझसे मिलकर चाहे व्यक्तिगत हो या सार्वजनिक हित की बात मुझसे से होगा वो जरूर करूंगा। शुक्ला ने भाजपा पर तीखा बोलते हुए कहा की झुठ की बुनियाद पर भाजपा जितने में सफल हुई है। भाजपा अभी तक केबिनेट में समर्थन मूल्य 3100 रूपये गैंस सिलेंडर में 500 रुपये सबसिडी, हर विवाहित महिलाओं को हर साल 12 हजार रुपये जिसे घर -घर जाकर फार्म भराये थे, अब तक देना तो दूर चर्चा तक नहीं हो रहा है। आज छत्तीसगढ़ के किसान,मजदूर, महिला,गरीब अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। भाजपा की केन्द्र सरकार 2014 से बड़े - बड़े वायदे किए थे वो तो पुरी नहीं हुई है। कार्यक्रम में राज महल फिंगेश्वर राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह, जनपद पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष पुष्पा साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बंछोर, बिसौहा हरित ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेवा दल सुघरमल आडे, हरिशंकर श्रीवास्तव, तुलेश्वर घृतलहरे, सरपंच सेंदर टिकेश्वर साहू, अध्यक्ष विद्या मंदिर खेमराज सिन्हा, उप-सरपंच भगवानी साहू, तुलस वर्मा, पत्रकार दीपक बराई, पुर्व विधायक प्रतिनिधि टिकम सिन्हा मोहन देशलहरे, जिला कांग्रेस महामंत्री रोहित साहू, हरख निर्मलकर, अशोक निर्मलकर, कमलेश सिन्हा, उत्त्म देवांगन, कृष्णा सिन्हा, द्रोण पराना उपस्थित थे।






### स्वामी आत्मानंद स्कूल के उड़ान कार्यक्रम के बच्चे हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल फिंगेश्वर में वार्षिकोत्सव उड़ान 2024 अपने निराले अंदाज में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू थे। उत्सव की अध्यक्षता भागवत हरित ने की। समारोह का उद्घाटन विधायक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे कलाकारों के द्वारा हम कथा सुनाते हैं श्री राम की...मनमोहक प्रस्तुति के साथ की गई। इसके अलावा कक्षा चौथी के छात्रों द्वारा सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग एवं उसके दुष्प्रभाव को बतलाने हेतु नाटक प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने क्लासिकल और राजस्थानी डांस की प्रस्तुति देकर अभिभावकों का मन मोह लिया। इस दौरान मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विगत शिक्षा सत्र में टॉपर रहे बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं में प्रथम स्थान में मोनिका साहू, कुणाल साहू ,वैभवी हरित, वेदांशु साहू, सोनाली सूर्यवंशी,जिसीका कुर्रे,सेजल यदु, मंदिप प्रसाद साहू, अंशु तोंद्रे,मनीष कुमार साहू,सृष्टि सोनकर व धात्री रानी द्विवेदी रही। प्राथमिक कक्षा के लिए आयोजित चार्ट निर्माण प्रतियोगिता में नम्रता साहू प्रथम और अंशिका पटेल द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में विद्यालय में हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में हाउस कप ब्लू हाउस को प्रदान किया गया।उन्होंने पूरे खेल में 82 मेडल अर्जित किये। समारोह के अंत में प्राचार्य श्री मुकेश निर्मलकर ने सभी छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक उमेश यदु, क्रिसनेंदु मंडल और कृतिका पूंज ने किया। कार्यक्रम मे भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर, नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, मनीश हरित, राजू साहू, प्राचार्य मुकेश निर्मलकर, नरेश लहरें उपस्थित थे।

## मेहनत मरार समाज की है विशेष पहचान : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर के पटेल मरार समाज द्वारा समाज के आराध्य देवी मां शाकम्भरी जयंती धूमधाम से मनाया गया। जिसमे माँ की जयकारो के साथ भव्य शोभा यात्रा समाज महिला, पुरुष व बच्चो द्वारा भक्ति जस गीत के साथ निकली गई। साथ ही नगर पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक बस स्टेण्ड में हजारों लोगों को निशुल्क सब्जी वितरण समाज द्वारा किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि रोहित साहू, अति विशिष्ट अतिथि राजेंद्र नायक पटेल, अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कार्यकरी अध्यक्ष तेजराम पटेल विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर, पूर्व नगर अध्यक्ष पवन सोनकर, सभापति पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति पुष्पा गोस्वामी आदि के द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही समाज द्वारा नगर के पत्रकारों, अन्य समाज प्रमुखो, व पार्षद गणो का सम्मान सब्जी भेट कर किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि मरार पटेल समाज मेहनत कस समाज है, कड़ी मेहनत करके धरती को हरा भरा बनाकर प्रकृति का संरक्षण करते है, और हरि ताजी सब्जी उगाकर लोगो को स्वस्थ्य बनाने का कार्य यह समाज कर रहा है। अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश संयोजक राजेंद्र नायक पटेल ने कहा कि हमारा समाज पहले की अपेक्षा बहुत शिक्षित और संगठित हो चूका है।

### मरार और सोनकर समाज का व्यवसाय एक




चंद्रशेखर साहू ने कहा कि यह समाज मां शाकम्भरी जयंती के अवसर पर सब्जी वितरण कर लोगों को परोपकार की भावना का संदेश दे रहे है, यह एक रचनात्मक कार्य है इसके लिए समाज का हर प्रकार से सुख दुख मे सहभागिता बनने की बात कही। भाजपा नेता नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने कहा कि मरार पटेल समाज मेरा परिवार को तरह है, मरार और सोनकर समाज का व्यवसाय एक है, मरार समाज के लोग बहुत ईमानदार और मेहनती है, अपनी मेहनत से उगाया हुवा सब्जी को वितरण विगत 3 वर्षो से कर रहे है। जिसकी प्रशंसा पुरे नगर मे हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशाराम पटेल, दामोदर पटेल, भुखन पटेल,शीतल पटेल, संजू पटेल, श्यामू पटेल, नंदन पटेल, शत्रुघन पटेल बलद पटेल, दीपिका पटेल, चद्रिरका पटेल, दिलीप पटेल, राधा पटेल, शांति पटेल, किशोर पटेल, अजय पटेल, सुरेश पटेल सहित हजारों की संख्या मे समाज के लोग उपस्थित हुए।



### गीता गोस्वामी ने किया ध्वजारोहण

**राजिम।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भगवताचार्य गीता गोस्वामी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सभापति पुष्पा गोस्वामी, गणमान्य नागरिक चोवराम साहू,राजेन्द्र पाल, देवलाल साहू ,ईश्वर साहू ,रामजीवन साहू ,झाड़ूराम साहू, लिकेश्वर साहू,शांति साहू,केशव साहू, बेदराम साहू, विजय ध्रुव, माखन साहू ,कमल साहू मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### विवेक शर्मा ने ब्राम्हण समाज के विधायक व मंत्री से मुलाकात की

**रसेला।** राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी, शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री व, छत्तीसगढ़ ब्राम्हण समाज के प्रदेश संगठन महामंत्री विवेक कुमार शर्मा ने ब्राम्हण समाज से नवनिर्वाचित विधायकों, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ,विधायक गण पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, व सुशांत शुक्ला को बधाई दी। विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ ब्राम्हण समाज रायपुर के तत्वाधान में आयोजित नवनि र्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल विधायक गण अनुज शर्मा, सुशांत शुक्ला, पुरंदर मिश्र ब्राह्मण समाज के संरक्षक एलएन तिवारी, अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, ज्ञानेश शर्मा , विनय तिवारी, प्रदेश संगठन मंत्री विवेक शर्मा, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, अमित शुक्ला तथा ब्राम्हण समाज के गणमान्य सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

### मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**महासमुंद।** नगर के टाऊन हाल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर सादर नमन किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद पवन पटेल, पार्षद संदीप घोष सहित युवागण उपस्थित रहे।

### खैरा में मड़ई मेला कल

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खैरा में 30 जनवरी मंगलवार को शाम 4 बजे से मड़ई मेला एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, विशेष अतिथि जनपद पंचायत सभापति सरिता राकेश चंद्राकर, सरपंच नीलम रेवा राम कोसरे, उपसरपंच नीलम लीलाधर विश्वकर्मा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, पूर्व सरपंच आशाराम साहू, वैद्यराज बृजलाल यादव, जनपद पंचायत कृषि विभाग सभापति दिग्विजय साहू, गौकरण साहू, ललित चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, सीताराम चंद्राकर, फागू विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर शांतिपूर्ण मड़ई मेला का आनंद उठाने की अपील की है।

### लाला लाजपत राय की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जीवनपर्यंत विरोध के स्वर मुखर करने वाले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर क्रांतिकारी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, ममता चंद्राकर, माधुरी चंद्राकर, देवकी चंद्राकर, सुखिया धीवर, ज्योति चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### बेलसोंडा में प्राण प्रतिष्ठा पर विविध कार्यक्रम

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के लोकार्पण तथा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मानस भवन चौक में ग्राम पुरोहित सूर्यकांत तिवारी द्वारा राम की पूजा अर्चना कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात 11 से 2 बजे तक राम दूत मानस परिवार, कौशल्या माता मानस परिवार द्वारा रामायण एवं राम भजन का आयोजन किया गया।

### रामसागरपारा स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला रामसागरपारा में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम शिक्षक, स्कूली बच्चों और गणमान्य लोगों ने एक साथ मिलकर भारत माता की जय, गणतंत्र दिवस अमर रहे, महात्मा गांधी की जय, सुभाष चंद्र बोस की जय आदि नारों के साथ गली भ्रमण किए एवं सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति सदस्य, देशभक्त खिलेश्वर ठाकुर, युवा व महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राएं समय का सदुपयोग कर मन लगाकर करें पढ़ाई : रोहित

## स्वामी आत्मानंद स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर





ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप मे नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव फिंगेश्वर, भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष किसान मनीश हरित, भाजपा मंडल अध्यक्ष डा.प्यारे लाल सोनकर युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, सांसद प्रतिनिधि संतोषी श्रीवास्तव अधिवक्ता दूजलाल बंजारे,पार्शद नरेश लहरे आदि शामिल हुए। विधायक रोहित साहू ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी करने के लिए कठिन परिश्रम करने की बात कही। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। समय का सदुपयोग करें तथा पढ़ाई में ध्यान दें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य करेगी। वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहन नृत्य और गीत संगीत और भाषण,कविता आदि की प्रस्तुती देकर सब का मनमोह लिया। इस दौरान प्राचार्य मुकेश निर्मलकर, फणेश्वर.साहू, ऋशभ शर्मा, मंच का सफल संचालन शिक्षक उमेश यदु ने किया।

## समस्या : गांव में पहुंचने के लिए एक नदी को सात बार करना पड़ता है पार

# 18 वर्षों बाद भी डुमरघाट में नहीं पहुंची बिजली भाजपा सरकार से ग्रामीणों की जागी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह वर्ष 2007 में जब मैनपुर से 10 किलोमीटर दुर विश्व में हीरा खदान के नाम से प्रसिद्ध ग्राम बेहराडीह अचानक हेलीकॉप्टर से पहुंचे थे। तब ग्राम डुमरघाट के कमार जनजाति के ग्रामीणों ने बिजली लगाने की मांग किया था। डॉ रमन सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर तत्काल 06 माह के भीतर बिजली लगाने का निर्देश दिया था और तो और बकायदा बिजली विभाग द्वारा सर्वे भी किया गया। कुछ स्थानों पर बिजली के पोल भी लगाने के लिए लाये गये थे लेकिन आज 18 वर्षों बाद भी डुमरघाट में बिजली की रौशनी नहीं पहुंच पाई, छत्तीसगढ में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने और डॉ. रमन सिंह के विधानसभा अध्यक्ष बनने से यहां के कमार जनजाति के ग्रामीणों में गांव में बिजली लगाने को लेकर विकास की उम्मीद जगी है।

कहते हैं भारत की आत्मा गांव में बसती है और गांव विकास करेगा तो देश विकास करेगा लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में बसे ग्रामों के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासियों को आजादी के 75 वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है गांव के विकास के लिए शासन- प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाऐ संचालित है। योजनाओं के मूताबिक शासन प्रशासन के रिकॉर्ड में सभी ग्रामों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां करती है तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 20 किमी दूर घनघोर जंगल के अंदर बसे ग्राम डुमरघाट आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम डुमरघाट की जनसंख्या लगभग 230 के आसपास है और यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासी के साथ अन्य समाज के लोग भी निवास करते हैं,आज हमारे मैनपुर संवाददाता शेख हसन खान डुमरघाट की जमीनी हकीकत जानने डुमरघाट सुबह 10.30 बजे लगभग दो घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद पहुंचे।

### बिजली और सड़क प्रमुख मांग


ग्राम पंचायत बोईरगांव के सरपंच सहदेव सांडे ने बताया कि डुमरघाट में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के घोषणा के बाद बिजली नहीं लग पाया अब छत्तीसगढ में फिर भाजपा की सरकार बनने से यहां बिजली लगने की उम्मीद है, गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं है, राशन लेने के लिए ग्रामीण 10 किलोमीटर पैदल आते है घटना दुर्घटना की स्थिति और महिलाओं को डिलवरी में भारी परेशानी होती है, गांव में बिजली और सड़क प्रमुख मांग है।





### नहीं पहुंच पाती एम्बुलेंस

ग्राम बोईरगांव से डुमरघाट लगभग 10 किमी है पंगडडी नुमा जंगली सड़क रास्तों से होकर बामुश्किल यहां पहुंचा जाता है एक नदी को सात बार पार करना पड़ता है पुल पुलिया सड़क की मांग लंबे वर्षों से किया जा रहा है पुल- पुलिया नहीं होने के कारण एंबुलेंस सुविधा भी नहीं मिल पाता। गंभीर दुर्घटना की स्थिति में कांवर और खाट में लिटाकर मरीजों और घायलों को अस्पताल तक लाना पड़ता है।



### 6 माह के भीतर बिजली लगाने की थी घोषणा

ग्राम के पूर्व जनपद सदस्य सुखचंद ध्रुव, सरपंच सहदेव सांडे, पूर्व सरपंच हिमांदी मांझी, रामसिंह मांझी, बालासिंह नेताम, नेपाल सिंह, गोपाल सिंह, रामे"वर, सुबाराम, बनसिंह, अर्जुन, परमेश्वर ने हरिभूमि को बताया तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह हमारे ग्राम पंचायत बोईरगांव में दो बार हेलिकॉप्टर से पहुंचे वर्ष 2007 में जब बोईरगांव के बेहराडीही पहुंचे थे तब भी उन्होंने डुमरघाट में बिजली लगाने की घोषणा किया था और दूसरे बार ग्राम सुराज लोक सुराज अभियान के दौरान 2016–17 में फिर ग्राम पंचायत बोईरगांव पहुंचे तो उन्होंने गांव वालों से पूछा कि डुमरघाट में बिजली पहुंची की नहीं ग्रामीणों ने बताया आपके द्वारा घोषणा करने के बावजूद बिजली नहीं पहुंची है तो मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने तत्काल बिजली विभाग के आला अफसरों को हजारों लोगों की उपस्थिति में आदेश दिया था कि 06 माह के अंदर हर हाल में डुमरघाट में बिजली लगाई जाए। आदेश के बाद लगातार एक सप्ताह तक जिले के आला अफसरों से लेकर बिजली विभाग के अफसरों ने डुमरघाट में बिजली लगाने पैदल निरिक्षण कर सर्वे, स्टिमेट बनाकर भेजा था और जमकर पसीना बहाया था लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के दो बार घोषणा और वायदा करने के बाद आज तक बिजली नहीं पहुंची।



### सम्मान की राशि से शिक्षिका दीप्ति ने बच्चों के लिए खरीदा कंप्यूटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

2021 में कोमा स्कूल की शिक्षिका दीप्ति मिश्रा गंडेचा को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण ज्ञान दूत पुरुस्कार राशि 7 हजार रूपए मिला था। इस राशि में और अपना खुद का राशि मिलाकर स्कूल के बच्चे विशेष रूप से बेटियो के भविष्य को सुनहरा बनाने के लिए कम्प्युटर खरीदकर दिया। बताया कि ये कम्प्युटर उन्होने अपने पापा स्व प्रफुल्ल मिश्रा और दादा जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व कुंजलाल मिश्र के स्मृति में प्रदान किया। बताया कि बेटियां पढ़ाई के साथ-साथ कम्प्युटर की भी अच्छी बेसिक जानकारी प्राप्त कर सके। उल्लेखनीय है कि सम्मान में मिले नगद राशि के अलावा उन्हें प्रमाण पत्र मिला है जिसे वह बहुत ही गर्व के साथ घर में लगा रखी है। कम्प्युटर पाकर स्कूल की बेटियां खुश हो गई। शिक्षिका दीप्ति के इस सराहनीय कार्य से न केवल कोमा गांव जहां वह पढ़ाती वहां के लोग खुश हुए बल्कि विभाग के जोशी सर, बीआरसीसी गरियाबंद, बीआरसीसी यदु सर,मैनपुर,बीइओ शेखर मिश्रा, डीईओ निषाद सर, डीएमसी सर के अलावा प्रधान पाठक मोहित मिश्रा, निर्मलकर सर, मधुबाला वर्मा, चंद्ररेखा साहू, पिंकी पटेल, नोडल शिक्षक, संकुल समन्वयक, रामनारायण मिश्रा, कवर सर प्राचार्य बेल्टुकरी ने अपनी शुभकामना दी।

## इलेवन स्टार पाटसिवनी ने जीता प्रथम सीजीटीपीएल ट्राफी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा



विकासखंड स्तरीय शासकीय शिक्षकों के लिए प्रथम बार आयोजित सीजीटीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मैच इलेवन स्टार पाटसिवनी और गोंडवाना लायंस कोसमी के बीच खेला गया, पाटसिवनी टास हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दस ओवर में 97/4 रन बनाए इसका पीछा करते कोसमी की टीम मात्र 69/8रन ही बना पाई और पाटसिवनी ने यह प्रतियोगिता 8 रन से जीत ली। इससे पहले दो सेमीफाइनल मुकाबले हुए पहला सेमीफाइनल छुरा पैंथर्स 70/5 और गोंडवाना लायंस कोसमी 71/3 के बीच खेला गया जिसे कोसमी ने 7 विकेट से जीतकर फाइनल में जगह बनाई प्लेयर आफ द मैच यादराम रहे। द्वितीय मैच मलेवा टाइगर रसेला 53/7 और इलेवन स्टार पाटसिवनी 54/2 के बीच खेला गया जिसे पाटसिवनी ने आठ विकेट से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। प्लेयर आफ द मैच रिखीराम निषाद रहे। पुरस्कार वितरण समारोह मिनी स्टेडियम में हुआ ,जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में खोमन चंद्राकार अध्यक्ष नगर पंचायत एवं अतिथि के रुप में रिंकू सचदेव उपाध्यक्ष, अशोक मक्खू दीक्षित वरिष्ठ पार्षद, भोलेशंकर जायसवाल सभापति, हरीश यादव पार्षद, शीतल ध्रुव समाजसेवी, रेवेन्द्र दीक्षित मंचासीन हुए, सभी का स्वागत समिति पदाधिकारियों द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में खोमन चंद्राकर ने कहा कि शिक्षकों द्वारा किया गया यह प्रयास एवं प्रयोग अनुकरणीय है शिक्षक एक जुट होकर अनेक कार्य करते है एक मत होकर अपने लिए यह प्रतियोगिता आयोजित किये जो एकजुटता को दर्शाता है। मक्खू दीक्षित ने भी संबोधित किया। विजेता पाटसिवनी की टीम को ट्राफी के साथ 5000 रुपये नगद प्रत्येक खिलाड़ी को प्रमाण पत्र एवं विजेता चिन्ह दिया गया ,उपविजेता कोसमी की टीम को ट्राफी के साथ 3000 रुपये नगद प्रत्येक खिलाड़ी को प्रमाण पत्र एवं विजेता प्रतीक चिन्ह दिया गया। इस दौरान पंकज साहू, राजू साहू, संजीत निषाद, डोमेश्वर ध्रुव, रामप्रसाद साहू, शिव ठाकुर, रामेश्वर ध्रुव, झामेश्वर ध्रुव, भूपेन्द्र ध्रुव, अविनाश वर्मा, खेमचंद देवांगन, उमेश ढीढी ,संदीप चंद्राकार, सौरभ परिहार ,कमल दीवान, पूनम चंद्राकार आदि को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। समापन दिवस में प्रदीप मिश्रा प्राचार्य सेजस, मोतीलाल साहू प्रधान पाठक, ललित वर्मा, यशवंत सिन्हा, दीनबंधु वैष्णव, गजेंद्र ध्रुव एबीओ महासमुंद, टंकेश्वर मरकाम, जागेश्वर ध्रुव नंदझरोखा कुर्रे, विनोद यादव, पंकज साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

## विधायक के प्रयास से फिंगेश्वर के किसानों को नहरों से मिला पानी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयासे से रबि फसल के लिए फिंगेश्वर क्षेत्र को नहरों से पानी देने के फरमान से किसानों को नहरों से पानी मिल गया है। जिसके चलते सभी किसानों



में खुशी की लहर है। सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक रोहित साहू को धन्यवाद ज्ञापित किया है। भाजपा के वरिष्ट नेता भागवत हरित ने बताया कि कांग्रेस की सरकार थी तब किसानों ने रबि फसल के लिए पानी की मांग की थी लेकिन उन्हे झूठा आश्वासन देकर पानी नहीं दिया गया जिसको लेकर किसानों मे काफी नाराजगी व्याप्त थी और किसानों ने राजिम विधान सभा मे कांग्रेस को बाहर का रास्ता दिखा दिया। विधायक रोहित साहू ने किसानों के प्रति तत्परता दिखाते हुए जिला प्रशासन मे बैठकर अपने वादे के अनुरूप नहरों से पानी देने की पहल की है जो सराहनीय है। इस अवसर पर वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, रामूराम साहू, किरणेश सोनी, पार्षद नरेश लहरे, किसन निषाद, मनोज सोनवानी आदि किसान उपस्थित थे।

## तनाव को दूर करने के लिए योग है कारगर : मिथलेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा द्वारा तनाव प्रबंधन पर योग आधारित योगभ्यास कराया गया। योगाचार्य ने बताया कि छात्रों को पढ़ाई से संबंधित मानसिक तनाव रहता है उसके लिए प्रतिदिन योगाभ्यास एक कारगर माध्यम है।

मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिए योग एक प्राचीन तकनीक है। जीवन में शांति और सुख का अनुभव करने के लिए योग में कई तरह की तकनीक है जिसका अभ्यास करके आप अपनी मानसिक स्थिति में सुधार ला सकते हैं।

योग करने से अनगिनत मानसिक और शारीरिक लाभ मिलते हैं। दिमाग को शांत करने के लिए आप आगे झुकने वाले आसन बच्चो को कराया गया जिसमे शशकासन ,योग मुद्रा और चक्रासन एवम ज्ञान मुद्रा का अभ्यास कराया गया इससे मन शांत होगा और दिमाग के हिस्से में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचेगा। आसन का अभ्यास करने से आपके शरीर और मन दोनो में स्थिरता आती है, तनाव कम होता है और सुख का अनुभव होता है।आपका श्वास और मन एक-दूसरे से जुड़े हैं। प्राणायाम के बारे में बताते हुए श्री सिन्हा ने बताया कि जब भी आप तनाव या चिंता महसूस करें, तो प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए, खासकर भ्रामरी प्राणायाम का। जब आप अपने श्वास को नियंत्रण में लेकर आते हैं, तो आपका मन भी अपने आप शांत होने लगता हैं। प्राणायाम से आपके मन की स्थिति में सुधार होगा, तनाव कम होगा और एकग्रता बढ़ेगी। इस दौरान शिविर में वरिष्ठ व्याख्याता सीमा सिंह, चंद्रवती सिन्हा, भूपत कन्नौजे, पीटीआई डोमेश्वर ध्रुव, रेखा प्रधान, लारेंस महिलांगे, मोहन ध्रुव, लोकेंद्र साहू ,युवराज कंवर, चंद्रप्रभा सेन मधुबाला साहू, वंदना देवांगन, नेहा जायसवाल, पूनम, मूखन, नागेंद्र देवांगन, नरोत्तम, राधिका, चांदनी, तनु, ईशा एवं छात्राओ ने लाभ लिया।

## आनंद मेला व विज्ञान प्रदर्शन का किया गया आयोजन

# सशिमं में विद्यार्थियों का होता है सर्वांगीण विकास : केसरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव(कोरासी)



सरस्वती शिशु मंदिर रानीपरतेवा में मातृ सम्मेलन, आनंद मेला व विज्ञान प्रदर्शन का भव्य आयोजन किया गया। मातृ सम्मेलन के मुख्य अतिथि केसरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य जिला गरियाबंद ने किया। वहीं अध्यक्षता केसरी नेताम सरपंच ग्राम पंचायत रानीपरतेवा व विशिष्ट अतिथि के रूप में कुमारी ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत करकरा, ब्रह्माकुमारी वंदना बहन, कुंज बहन ने किया तथा आनंद मेला के मुख्य अतिथि आर आर तोमर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा, अध्यक्षता के आसंदी पर विराजमान थे। केसरी ध्रुव ने कहा की सरस्वती शिशु मंदिर में भैया बहनों का सर्वांगीण विकास होता है। यहां संस्कार क्षम वातावरण व पांच आधारभूत शिक्षा दी जाती है। मुझे खुशी है की आनंद मेला के द्वारा आगे किस प्रकार आत्मनिर्भर बने इसकी शिक्षा दी गई। सभी भैया -बहन ने सुंदर ढंग से पकोड़ा, समोसा, जलेबी, हलवा, पूड़ी का स्टाल लागाए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रधानाचार्य हुमेश्वर सिंह राजपूत, आचार्य गण, पीतांबर पटेल, गीता शुक्ला, रितु निषाद, मूलचंद पटेल, चमेश्वर साहू, होरीलाल निषाद, युवराज दीवान, राधा साहू, लोकेश चौहान लक्ष्मी नंदे, आसींन बाई ध्रुव अभिभावक गण एवं पूर्व छात्र खिलेश्वर ध्रुव, भोज निषाद, अनुज शुक्ला, रमन ध्रुव, बलराम साहू, तेजराम साहू, खेलन सिन्हा, का विशेष सहयोग रहा।

### भूतपूर्व छात्रों का हुआ मिलन समारोह



राजिम। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजिम के भूतपूर्व छात्रों का पारिवारिक मिलन समारोह में छात्र इकट्ठे हुए और अपनी पुरानी यादें ताजा की। कार्यक्रम की शुरूआत परिचय के साथ हुई। परिचय के दौरान सभी भूतपूर्व छात्र एक दूसरे से मिलकर अत्यंत खुश थे। इस दौरान सांस्कृतिक एवं खेल कार्यक्रम में छात्रों एवं उनके परिजनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शाला की भूतपूर्व छात्रा भारती महाड़िक जाधव ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। भूतपूर्व छात्र अचल सिंह गौर ने शानदार गीत गाकर कार्यक्रम को रंगारंग बना दिया। भूतपूर्व छात्रों के परिजनों ने गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांधा। सबसे ज्यादा आनंद छात्रों ने म्यूजिकल चेयर गेम में लिया जिसमें संयुक्त रूप से मुरली मनोहर एवं रामकिशोर गुप्ता विजेता रहे। इस दौरान भारती महाड़िक जाधव,आशा लता,रामानुज गुप्ता, छेदीलाल पठारी, मीलू राम साहू उपस्थित थे।

## जौन्दी में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**नवापारा-राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम जौन्दी में 26 जनवरी को प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के 75 वें वर्ष पर ध्वजारोहण व प्रभात फेरी के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के द्वारा सुन्दर प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सरपंच टीकम चन्द साहू ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कि हम गणतंत्र के 75वें पायदान पर कदम रख रख रहे हैं और स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर आगे बढ़ रहे हैं। टीकम चन्द साहू के द्वारा मिडिल स्कूल के लिए छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति प्रधान अध्यापक नेमी चन्द साहू, शिक्षिका सपना पांडे, मीरा सोमानी, नमिता ठाकुर, विद्या साहू को भेंट किया गया। कार्यक्रम में प्रायमरी स्कुल के प्रधान अध्यापक सतीश देवागन, पटेला सर, शिक्षिका थानेश्वरी एवं शैलेष साहू का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष जे आर ध्रुव, प्राथमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष मणी राम यदु कार्यवाहक सरपंच टोमन साहू भागवत यदु, रेवा राम निर्मलकर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अकलवारा स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में गणतंत्र दिवस पर प्राचार्य जीपी वर्मा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। एवं गांव में प्रभातफेरी निकाली गई। साथ ही छात्र- छात्राओं द्वारा शाम चार बजे तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ग्राम के गणमान्य नागरिक सहित शाला विकास समिति के अध्यक्ष पुरन सिंह ठाकुर, स्टाप के शिक्षक शिक्षिका एसके वर्मा, केके दीवान, डीआर साहू, डी एस दीवान, अरुण कुमार साहू, चेतना चन्द्राकार, गिलहरी मेडम, षष्टी कीर्ती मेडम, शलाम सर, एवं समस्त स्टाफ की उपस्थित थे।

### किराना व्यापारी संघ ने किया ध्वजारोहण



**छुरा।** नगर के किराना व्यापारी संघ द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण व्यापारी किशोर कोठारी ने किया। इस अवसर पर किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष अशोक माधवनी, धनेश कुकरेजा ,शंकर सीतलानी, अशोक जैन, अजय नागदेव, राहुल माधवनी, योगेश गायकवाड, कैलाश सचदेव, कुमार साहू, टीकम चंद्राकर, रजत कुकरेजा, सोनू सचदेव, अजय गुप्ता, विनय गुप्ता ,राजेश थदानी, तानसेन चंद्राकर, रमेश जायसवाल, इस्माइल मेमन, इलू मेंमन, लकी मेंमन, समीम खान, राकेश शर्मा, सफर सचदेव, रमेश शर्मा, मोहन देवांगन, मघन सचदेव, जमीयत सचदेव सहित सभी व्यापारी उपस्थित थे।

### ग्राम भैरा में हुआ सीसी रोड़ निर्माण के लिए भूमि पूजन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत नवापारा (भ) के आश्रित ग्राम भैरा में 27 जनवरी को दोपहर दो बजे सीसी रोड निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि केशरी नोहर ध्रुव जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद ने भूमिपूजन किया। इस दौरान शांता राधेश्याम कंवर सरपंच, अशोक पटेल जनपद पंचायत सदस्य, पीलूराम यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष, सदस्यगण राधेश्याम कंवर, भोगेश्वर यदु, देवनारायण साहू, बंशीलाल धुव नंदकुमार यदू , हेमलाल पटेल, पन्नालाल पटेल, मोहन ध्रुव, अनिल, रुपराम दीवान, तिरथ निर्मलकर, महेश दीवान, संतोष दीवान जमुना बाई, निरा यदू ,देवल बाई सीता ध्रुव, बुधारुराम ध्रुव, विष्णुदीवान, सहित समस्त ग्रामवासी एवं ग्राम पंचायत नवापारा भी के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### अभिषेक बने, न्याय यात्रा के राज्य समन्वयक

**छुरा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के नेतृत्व पूरे देश में न्याय यात्रा निकाली गई। जिसमें किसान कांग्रेस के अभिषेक मिश्रा को न्याय यात्रा का राज्य समन्वयक बनाया गया है।



उन्होंने कहा कि इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बेज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत एवं किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह बेहरा एवं महासचिव अखिलेश शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसान यात्रा प्रदेश में 10 फरवरी से 5 दिन तक चलेगी, अभी पश्चिम बंगाल में है वहां से उड़ीसा होते हुए रायगढ़ ,जांजगीर ,चांपा, सक्ति,कोरबा, अंबिकापुर ,सूरजपुर ,बलरामपुर होते हुए झारखंड में प्रवेश करेगी।

## राष्टीय पर्व : राजिम में नपा अध्यक्ष रेखा ने किया ध्वजारोहण

# गणतंत्र दिवस पर जगह-जगह लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम नगर पंचायत परिसर में नपा अध्यक्ष रेखा सोनकर ने एक गरिमामय समारोह के बीच ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ की बधाई देते हुए अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने कहा कि हम गणतंत्र के 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। संविधान के लागू होने के दिन से लेकर आज तक हमारी यात्रा अदभुत रही है। प्रत्येक नागरिक को भारत की गौरव-



गाथा पर गर्व का अनुभव होता है और एक राष्ट्र के रूप में हमने मिल-जुलकर जो उपलब्धियां प्राप्त की हैं, उनका हम उत्सव मनाते हैं। श्रीमती सोनकर ने कहा कि भारत को लोकतन्त्र की जननी कहा जाता है संविधान में निहित आदर्शों पर चलकर हमारे वरिष्ठ नेताओं ने गणतंत्र की राह दिखाई बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर और अन्य विभूतियों ने हमें एक मानचित्र तथा एक नैतिक आधार प्रदान किया। उस राह पर चलने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हम काफी हद तक उनकी उम्मीदों पर खरे उतरे भी हैं। ध्वजारोहण के अवसर पर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर,राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, पार्षद टंकु सोनकर, ओमप्रकाश आडिल, अरविंद यादव, पूर्णिमा चंद्राकर, पुष्पा गोस्वामी, छाया राही, देवकी साहू, खुशी साहू, कुलेश्वर साहू, प्रवीण पुष्पाकर, सूरज पटेल, लोकेश्वरी यादव, उत्तम निषाद, महेश यादव, लेखा महोबिया, राकेश मांड्रे, विनोद सोनकर, श्याम साहू, भोले साहू, ताराचंद मेघवानी, सीएमओ अशोक सलामे, दीपक वर्मा, देव पटेल, वर्षा ठाकुर, गीता बांसवार सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## मेला मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, विधायक हुए शामिल







राजिम। राजिम के मेला मैदान में बेरोजगार संघ द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में अतिथि के रूप में विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदुलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय शामिल हुए। यहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बेरोजगार संघ के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, महेश यादव, भावेश ठाकुर, नंदकिशोर शर्मा, हेमंत साहू, सुनील यादव, चुन्नी शर्मा, लाला साहू, लीलेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में शहरवासी, स्कूली छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## गिधनी में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुडाग्गांव(कोरासी)

शासकीय प्राथमिक शाला व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गिधनी में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह छात्र-छात्राओं के द्वारा गली में प्रभातफेरी निकल गया। उसके बाद शाला प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भारत माता और महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया। वहीं स्कूली के छात्र-छात्राओं के द्वारा भाषण, कविता, गाना व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रमुख रुप से ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर, उपसरपंच उमान सिंह ठाकुर, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठिका कल्याणी वर्मा, प्राथमिक



शाला के प्रधान पाठक हरिराम साहू, शिक्षक राधेलाल साहू, शिक्षक हेमलाल पटेल, शिक्षक धनीराम ध्रुव, ओंकार सेन, तेजनाथ सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, चंवर ठाकुर, भारत ठाकुर, देवनाथ ठाकुर, नारायण सेन, गोवर्धन ठाकुर, मेहत्तर ठाकुर, रामू ठाकुर, कातुक ठाकुर, कोमल नंदूराम ध्रुव, एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका रसोईया व ग्राम के युवा महिलाएं छोटे-छोटे बच्चे छात्र-छात्राएं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



### सोरिद खुर्द में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

मुड़ागांव(कोरासी)। ग्राम सोरिद खुर्द में अटल चौक पर गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण मुख्य अतिथि लखन सिन्हा, हेमलाल साहू, पुनारद निर्मलकर, देवनारायण निर्मलकर ने किया, एवं मिठाई वितरण कर लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर ग्राम के समस्ता गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता रेवा यादव, मनी यादव, बेदराम नन्द, मुनेश्वरी निर्मलकर, मोनिका यादव उपस्थित थे।

## बोरसी सशिमं में बोधन ने फहराया तिरंगा



**फिंगेश्वर।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को ग्राम बोरसी मे राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति के उपाध्यक्ष बोधन साहू के द्वारा मुख्यअतिथि के आसंदी से सरस्वती शिशु मंदिर बोरसी में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।इस अवसर पर उन्होंने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के आजादी के बाद देश के निर्माण को गति देने के लिए संविधान की आवश्यकता होने पर आजादी में शामिल हुए नेताओं ने देश मे गणतंत्र का निर्माण किया। जिसके चलते आज देश 75 साल से गणतंत्र का पालन करते हुए विकास की दिशा मे अग्रसर है। देश के निर्माण मे गणतंत्र का बड़ा ही महत्व है। देश के बनाए हुए संविधान के अनुरूप हम सभी को चलना आवश्यक है। देश की स्वतंत्रता को लेकर हमारे देश भक्तों ने अपनी शहादत दी है। इस अवसर पर बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम ग्राम के छन्नूलाल साहू सहित गणमान्य नागरिक, शाला के आचार्य दीदीया उपस्थित थी।

## पिपरौद में सरपंच सुनीता-योगेश ने किया ध्वजारोहण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम पिपरौद में 75 वें गणतंत्र दिवस की पावन बेला में शासकीय प्राथमिक कन्या शाला पूर्व माध्यमिक शाला विद्या मंदिर एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर हर्ष उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला में ध्वजारोहण सरपंच सुनीता-योगेश साहू ने किया। कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष चमेली साहू ,खुमान मानिकपुरी ,विद्या मंदिर अध्यक्ष धीरज साहू सहित गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## अकलवारा में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत अकलवारा में ध्वजारोहण सरपंच दुर्गा ध्रुव के द्वारा किया गया। साथ ही गांधी चौक में राष्ट पिता महात्मा गांधी के प्रतिमा का अनावरण किया। जिसमें प्रमुख रुप से उपसरपंच लता विश्वकर्मा, सचिव धनेश साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष कोमल सिंह दीवान, गौठान समीति अध्यक्ष लोचन सिंह दीवान, ग्राम प्रमुख पूरण सिंह ठाकुर, जोहत राम बघेल, फिरतू साहू, घसिया राम निषाद, भारत लाल यादव, नाथूराम निषाद, देवनारायण साहू, भागवत निर्मल कर, हीरामन साहू, बाबूलाल सेन, तीजू राम विश्वकर्मा उपस्थित थे।





### सरपंच इंद्राणी ने किया ध्वजारोहण

**राजिम।** ग्राम पंचायत लफंदी में सरपंच इंद्राणी-नेहरू साहू ने एक गरिमामय समारोह के बीच ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सरपंच इंद्राणी ने पूरे ग्रामवासियो को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## खड़मा स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुडाग्गांव(कोरासी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़मा में 75 वें गणतंत्र दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम 7:45 बजे प्राचार्य अखिलेश बावन गडे, सरपंच पीआर कंवर, अवध मरकाम ने ध्वजारोहण किया। सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवक, स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय एकता ,मतदाता जागरूकता ,साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, आदि नारा एवं देश भक्ति गीत के माध्यम से रैली के द्वारा गांव भ्रमण किया गया। उसके उपरांत मुख्य कार्यक्रम मिडिल स्कूल प्रांगण में ध्वजारोहण लगनीबाई साहू जनपद सदस्य एवं प्राथमिक शाला प्रधान पाठक माधव ध्रुव एवं अन्य के सहयोग से किया गया। प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत भाषण नृत्य नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया



गया। इस दौरान अवध राम साहू, त्रिलोचन साहू, खेमचंद सिंहा, प्रकाश सिंहा, गुलशन सिंहा, संदीप पांडे, लक्ष्मी दास सोनवानी, अगनु राम कुर्रे, शंकर साहनी, प्राचार्य अखिलेश बावनगड़े उपस्थित थे।

## वन विभाग में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**फिंगेश्वर।** नगर के वनविभाग फिंगेश्वर मे गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रेंजर तरूण तिवारी ने तिरंगे चबूतरे एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पूजा- अर्चना करते हुए ध्वजारोहण कर तिरंगे का सलामी दी। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी उदय सिंग ठाकुर ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश का संचालन करने के लिए संविधान का निर्माण हुआ जिसके चलते भारत का प्रत्येक नागरिक इन्ही संविधान पालन करते हुए देश के विकास मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मेरे सभी नागरिको से आग्रह है



कि जो नियम एवं कानून बनाया गया है उस पर अवश्य ही चले एवं राष्ट्रनिर्माण मे अपना बहूमूल्य योगदान देवे। आज जिन नियमो के पीछे हम चल रहे हैं उसे लागू करने एवं देश को आजाद कराने हमारे देश के शहीदों ने जो कुर्बानी दी है वह जन्मो जन्मों तक भुलाया नहीं जा सकता।मै उन वीर सपूतो को नमन करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि देता हूं। रेंजर तरूण तिवारी ने कहा कि आजादी के बाद देश को गति देने के लिए सन 1950 मे संविधान का निर्माण किया गया।इन्ही संविधान के नियमों से बंधकर आज देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रनिर्माण मे अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, मंडल अध्यक्ष डा.प्यारे लाल सोनकर, वरिष्ट भाजपा नेता रामूराम साहू, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, कौशल हरित, राकेश सिन्हा, डिप्टी रेंजर मनीश वर्मा सहित वन सर्कल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सरकड़ा स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**फिंगेश्वर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला सरकड़ा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरकड़ा के प्रधान पाठक केशव राम साहू ने ध्वजारोहण किया। शासकीय प्राथमिक शाला सड़कड़ा के के प्रधान पाठक चैन सिंह दीवान ने झंडा फहराया।इसके पश्चात समस्त स्टाफ एवं छात्र–छात्रएं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इसके साथ ही बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा गीत, कहानी, भाषण एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। बच्चों



ने बहुत ही उत्साह पूर्वक कार्यक्रम मे भाग लिया एवं गणतंत्र दिवस के महत्व को अपनी प्रस्तुति के माध्यम से व्यक्त किया। शाला के प्रधान पाठक केशव राम साहू ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर बहुत ही सरल एवं सहज तरीके से प्रकाश डाला। शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई एवं संविधान के बारे में जानकारी दी गई।इस अवसर पर सरपंच कुंती बाई, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक सेन एवं पदाधिकारी गण, पंच गण, गणमान्य नागरिक गण, शाला के वरिष्ठ शिक्षक शत्रुघ्न लाल साहू, शिक्षिका लता सोनी, शिक्षक संतोष साहू, शिक्षिका केसरी कुमारी, गिरिजा मरकाम, जयप्रकाश सिन्हा, मतवाले सर, छात्र–छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष साहू ने ने किया। अंत में बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया।

## मां शाकंभरी शक्तिपीठ लोहझर में पूर्णाहुति के साथ नवरात्रि पर्व का हुआ समापन

# मरार पटेल समाज ने मनाई नवरात्रि और मां शाकंभरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

मां शाकंभरी शक्ति पीठ लोहझर में शाकंभरी नवरात्र पर्व, शाकंभरी जयंती एवं स्नान-दान का पुण्य पर्व छेरछेरा मरार पटेल समाज द्वारा पूरे प्रांत में साग-भांजी रूपी प्रसादी दान कर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मां शाकंभरी शक्तिपीठ लोहझर में छत्तीसगढ़, उड़ीसा व विभिन्न क्षेत्रों से 234 मनोकामना जोत मां शाकंभरी के भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्वलित कर पूरे सप्ताह भर देर-रात तक प्रतिदिन श्रद्धा के फूल- फुल डांस ग्रुप परिवार मोहरेंगा के कार्यक्रम, जसगीत प्रतियोगिता, पारसमणी पटेल रायपुर वाले का रामायण का कार्यक्रम व विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुए। शाकंभरी शक्ति पीठ लोहझर में छत्तीसगढ़ शाकंभरी समाज के





संयोजक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष परम सम्माननीय लोचन पटेल जी के द्वारा व मां शाकंभरी शक्तिपीठ के पुजारी तुलसी प्रसाद दुबे के द्वारा विधि-विधान से हवन पूजा कर हजारों लोगों को भोजन प्रसादी ग्रहण कराया गया तत्तपश्चात नगर पंचायत छुरा के हृदय स्थल बजरंग चौक में समाज प्रमुखों के नेतृत्व में शाकंभरी स्वरूपा मातृशक्तियों के आतिथ्य में साग- भाजी रूपी प्रसादी का वितरण किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोकेश्वरी मांझी थी। इस दौरान तेजराम पटेल,महेश पटेल नथमल शर्मा,नारायण पटेल यशवंत यादव, कृष्ण कुमार पटेल, राजा खुटैत, रूपसिंग पटेल, श्यामलाल पटेल,नैनसिंग पटेल, संतोष पटेल उपस्थित थे।

